an>

Title: Need to permit stone picking from river in Valmiki Nagar Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र वाल्मीकि नगर (बिहार) के प्रखण्ड गौनाह के भिखनाठोरी स्थित पंडई नदी में पत्थर चुनने का काम पिछले कई सालों से बंद है जिसके कारण यहां के हज़ारों लोग भुखमरी के कगार पर हैं। उनके सामने रोज़गार की समस्या उत्पन्न हो गयी है। यहां मजदूरों के द्वारा हाथ से पत्थर चुना जाता है। यह पत्थर नेपाल से नदियों के द्वारा बह करके आता है। पत्थर नहीं निकाले जाने के कारण नदी का धरातल भर जाता है जिसके कारण हज़ारों एकड़ वनों को नुकसान हो जाता है और कीमती लकड़ियों को भी नुकसान होता है। ये टाइगर प्रोजेक्ट से 3 किलोमीटर दूर स्थित है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त संदर्भ में अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिलाने हेतु शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएं।